बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड
Bihar Board of Open Schooling & Examination (BBOSE)
शिक्षा विभाग, बिहार का स्वायत्त संस्थान
An Autonomous Organisation of Department of Education, Govt. of Bihar
चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय परिसर, नयाग नगर, मीठापुर, पटना – 800001
Chanakya National Law University Campus, Nayay Nagar, Mithapur, Patna – 800001
Website: www.bboseonline.bih.nic.in Phone No.: 0612-2385490, 2385491, 0612-2385492,
Email ID: info@bbose.org

बिहार सरकार

पत्रांकः–282 पटना, दिनांक– 10/06/2026

प्रेषक,

**उप निदेशक (परीक्षा एवं गूल्यांकन),**
बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड, पटना।

सेवा में,

**सभी जिला क्षेत्रीय समन्वयक,**
बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड, पटना।

विषयः– **बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयाजित बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड के माध्यमिक (10वीं) एवं उच्च माध्यमिक (12वीं) परीक्षा सत्र दिसम्बर–2022 से दिसम्बर–2025 तक के अवशेष प्रमाण–पत्रादि, लंबित परीक्षाफल, त्रुटिपूर्ण परीक्षाफल निर्गत हेतु परीक्षार्थियों का आवेदन एवं डाटा उपलब्धता करने के संबंध में।**

प्रसंगः– बिहार विद्यालय परीक्षा समिति का कार्यालयी पत्रांक–BSEB(SS)/KEN/213/2025 539 दिनांक–08.06.2026 के आलोक में।

महाशय,

उपर्युक्त प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा अंकित किया गया है कि, "पत्र निर्गत की तिथि से सात दिनों के अंदर समिति को सभी विसंगति से अवगत कराते हुए अंतिम रूप से प्रतिवेदित किया जाय। तत्पश्चात् आपके द्वारा प्रतिवेदित सभी विसंगतियों का एकबार में निष्पादन कर दिया जायेगा। यदि ससमय विसंगति को प्रतिवेदित नहीं किया जाता है तो यह माना जायेगा कि उक्त परीक्षाओं यथा सत्र दिसम्बर–2022 से सत्र दिसम्बर–2025 तक सभी शिक्षार्थियों का समिति द्वारा प्रेषित परीक्षाफल डाटा त्रुटिरहित एवं शुद्ध है।"

अतः आपको निदेश दिया जाता है कि उपर्युक्त के आलोक में निम्न कार्रवाई की जायः–

(क) संदर्भित सत्रों का सत्रवार शिक्षार्थियों का लंबित परीक्षाफल, त्रुटिपूर्ण परीक्षाफल अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध करायी जाय।

(ख) संदर्भित सत्रों का सत्रवार प्रमाण–पत्र की उपलब्धता से वंचित शिक्षार्थियों की सूची कारण सहित उपलब्ध करायी जाय।

(ग) संदर्भित सत्रों का प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में शिक्षार्थियों से यदि कोई आवेदन प्राप्त हुआ है तो सत्रवार जाँचोपरांत अग्रसारण प्रतिवेदन के साथ आवेदन की उपलब्धता कराई जाय।

अतः उपर्युक्त के संदर्भ में ससाक्ष्य प्रतिवेदन दिनांक–12.06.2026 तक बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के ई–मेल info@bbose.org अथवा डाक के माध्यम से उपलब्ध कराया जाय ताकि लंबित मामले के निष्पादन हेतु बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से आग्रह किया जा सके।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।

**अनुलग्नकः– यथोक्त।**

विश्वासभाजन

ह०/–
**उप निदेशक (परीक्षा एवं मूल्यांकन),**
बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण
एवं परीक्षा बोर्ड, पटना।

ज्ञापांकः– 282 पटना, दिनांक– 10/06/2026

प्रतिलिपिः– 1. सचिव, बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

2. मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी, बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

**उप निदेशक (परीक्षा एवं मूल्यांकन),**
बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण
एवं परीक्षा बोर्ड, पटना।

10/06/26